संख्या-83/2020/1799/69-1-2019-68(अ0स0-37)/2016

प्रेषक,

संजय कुमार सिंह यादव,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।

लखनऊ : दिनांक : 13 फरवरी, 2020

विषय: वित्तीय वर्ष 2019-20 में "शहरी क्षेत्रों की अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में इण्टरलाकिंग, नाली निर्माण एवं अन्य सामान्य सुविधाओं की स्थापना योजना" के कार्यान्वयन हेतु अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत द्वितीय/अंतिम किश्त की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-5868/76/एक/एबीएमबीवीवाई/2019-20, दिनांक 18 दिसम्बर, 2019 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि "**शहरी क्षेत्रों की अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में इण्टरलाकिंग, नाली निर्माण व अन्य सामान्य सुविधाओं की स्थापना योजना**" योजनान्तर्गत अनुदान संख्या-37 से जनपद-उन्नाव की नगर पंचायत, मोहान एवं औरास एवं नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ की विभिन्न अल्पविकसित बस्तियों में इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्यों से सम्बन्धित अलग-अलग कुल 11 परियोजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2016-17 में बजट में प्राविधानित धनराशि से **रू0 263.94 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात रू0 131.97 लाख की धनराशि** शासनादेश संख्या-615/2016/1886/69-1-16-68(अ0स0-37)/2016, दिनांक 29 सितम्बर, 2016 द्वारा जारी की गयी थी। तदोपरान्त उक्त 11 परियोजनाओं में से 04 परियोजनाओं के कार्यों को पूर्ण करने हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुदान संख्या-37 में प्राविधानित बजट की धनराशि से द्वितीय/अंतिम किश्त के रूप में रू0 28.66 लाख की धनराशि शासनादेश संख्या-27/2018/354/69-1-2017-68(अ0सं0-37)/2016 दिनांक 31 जनवरी, 2018 द्वारा अवमुक्त की गयी थी। अतएव वित्तीय वर्ष 2019-20 में **मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत** अनुदान संख्या-37 में प्राविधानित बजट से जनपद-उन्नाव की नगर पंचायत, मोहान एवं औरास तथा नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ की 03 परियोजनाओं के कार्यों को पूर्ण करने हेतु, जिसका विवरण संलग्न तालिका में दिया गया है, द्वितीय/अंतिम किश्त की धनराशि **रू0 46.94 लाख (रूपये छियालीस लाख चौरानबे हजार मात्र**) की निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1. उक्त धनराशि का उपयोग प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों विषयक शासनादेश संख्या-117/2017/1279/69-1-17-14(31)/2012टीसी, दिनांक 26 अक्टूबर, 2017 में दिये गये दिशा-निर्देश/व्यवस्था का पूर्णरूपेण अनुपालन करते हुए की जायेगी।

-2/

http://shasnadesh.up.nic.in

2. प्रश्नगत परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रयोजना पर सक्षम स्तर/सूडा से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर/सूडा से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
3. उक्त धनराशि शासन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों/योजना के प्रतिबन्धों के अनुसार उपर्युक्तानुसार निहित मद में व्यय की जायेगी एवं स्वीकृत परियोजनान्तर्गत कार्य की विशिष्टियाँ, मानक व गुणवत्ता आदि को सुनिश्चित करते हुए कार्य क्रमशः इस प्रकार कराये जायेंगे कि वे उपलब्ध धनराशि से ही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाये तथा उनका लाभ सम्बन्धित स्थानीय निवासियों को मिल सके।
4. उक्त धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी प्रकार का व्यावर्तन अनुमन्य नहीं होगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।
5. स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक/डाकघर/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।
6. उक्त प्रायोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व कार्यदायी संस्था/सम्बन्धित डूडा का होगा।
7. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
8. उक्त धनराशि यथासमय सम्बन्धित डूडा इकाई (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उक्त परियोजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है, जिससे कि शासकीय धन का दुरूपयोग न होने पाये, अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत धनराशि तत्काल राजकोष में जमा कराकर शासन को सुचित किया जायेगा।
9. प्रश्नगत परियोजना से सम्बन्धित कार्यों की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, यह सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
10. उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रमुख सचिव/ सचिव, विशेष सचिव तथा संयुक्त सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के प्रतिहस्ताक्षरोपरान्त किया जायेगा।
11. प्रत्येक आहरण की सूचना महालेखाकार (राजकोष), महालेखाकार (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को आदेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, बाउचर संख्या, तिथि तथा लेखाशीर्षक की सूचना एक वर्ष के भीतर अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
12. इस धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अवश्य करा लिया जाये और इसके बाद उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद अनुपयोगित धनराशि, यदि कोई हो तो एकमुश्त शासन को वापस करनी होगी।
13. सेन्टेज चार्जेज (अधिष्ठान व्यय) की धनराशि वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक 25.01.2011 में जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में सुसंगत लेखा शीर्ष में जमा किया जायेगा।
14. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष उतनी ही धनराशि आहरित की जायेगी, जितनी 31 मार्च, 2020 तक व्यय हो सके।

-3/

http://shasnadesh.up.nic.in

2. उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-37 में योजनान्तर्गत प्रस्तावित बजट में उपलब्ध धनराशि से लेखाशीर्षक **''2217-शहरी विकास-04-गन्दी बस्तियों का विकास-051-निर्माण-04-मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना-35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान''** के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22.03.2019 तथा समय-समय पर जारी आदेशों के तहत् किये जा रहे हैं।

संलग्नक– यथोक्त।

भवदीय,

(संजय कुमार सिंह यादव)
विशेष सचिव।

संख्या-83/2020/1799(1)/69-1-19, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवां तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन, इलाहाबाद।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।
5. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उन्नाव।
7. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9, उ0प्र0 शासन।
8. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
9. समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, उ0प्र0 शासन।
10. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
11. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
12. सहायक वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेब साइड पर अपलोड कराने हेतु।
13. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सहायक/बजट समन्वयक।

(संजय कुमार सिंह यादव)
विशेष सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-83/2020/1799/69-1-2019-68(अ0सं0-37)/16 दिनांक 13 फरवरी, 2020 का संलग्नक।

(धनराशि लाख रूपये में)

क्र0 सं0	**जनपद का नाम**	**निकाय/ नगर पंचायत का नाम।**	**बस्ती/वार्ड का नाम/कार्य का विवरण।**	**परियोजना की कुल लागत।**	**द्वितीय/अंतिम किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि।**
1	2	3	4	5	6
1.	उन्नाव	न0पं0, मोहान	वार्ड नं0 08 के मोहल्ला पकरा में राधे रावत के मकान से सलीम के मकान तक, काशी के मकान से गंगा राम व गेंदा रावत के मकान होते हुए शाकिब के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण का कार्य।	27.33	13.665
2.	उन्नाव	न0पं0, औरास	वार्ड नं0 06 के मोहल्ला ठाकुराना में मुन्ना फकीर के मकान से मो0 अनवर के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण एवं अजीज के घर से सिराज के घर तक नाला का निर्माण कार्य।	36.36	18.18
3.	उन्नाव	न0पा0प0, बांगरमऊ	वार्ड नं0 03 के मोहल्ला कटरा में डा0 निहाल के घर से कमाल के घर तक इण्टरलाकिंग रोड एवं यू टाईप नाली का निर्माण कार्य।	30.19	15.095
योग				**93.88**	**46.94**

(रूपये छियालीस लाख चौरानबे हजार मात्र)।

(संजय कुमार सिंह यादव)
विशेष सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in

II

http//shasnadesh.up.nic.in